an>

Title: Regarding Ebola virus in African countries.

श्रीमती रंजीत रंजन (सुपौल) : सभापति महोदय, आज पश्चिम अफ्रीका में, नाइजीरिया में, गिनी में और काफी जगह इबोला के पेशेन्ट देखने को मिल रहे हैं। वहाँ वायरल फैला हुआ है जिसके कारण वहाँ के लोग काफी भयभीत भी हैं और कई लोगों की डैथ भी हुई है। हम लोगों के लिए इसके साथ एक बहुत ज़्यादा संवेदनशील मुद्दा उठा जो अखबारों में भी आया कि लागोस में यह बीमारी फैली हुई है। वहाँ आबूज़ा में हमारे चार इंडियन डॉक्टर हैं जो एक प्राइवेट हॉस्पिटल प्राइमस में काम करते हैं। वे डाक्टर इंडिया वापस आना चाहते हैं, उनको इस बीमारी से डर लग रहा है। उनका पासपोर्ट हॉस्पिटल द्वारा ज़ब्त किया गया है और ज़बर्दस्ती उनको उनकी विल के खिलाफ पेशेन्ट के इलाज के लिए रखना चाहते हैं। जहाँ यह बीमारी है, उसका डिस्टैन्स वहाँ से 800 किलोमीटर है। मैं आपके माध्यम से इस मामले में सरकार का हस्तक्षेप चाहती हूँ। किसी की सेवा करना बहुत अच्छी बात है, लेकिन अगर डाक्टर खुद भयभीत है और वापस आना चाहता है तो किसी की विल के खिलाफ उसको वहाँ ज़बर्दस्ती नहीं रखना चाहिए। हाई कमीशन से वह टच में हैं। मैं आपसे आग्रह करना चाहती हूँ कि सरकार द्वारा हस्तक्षेप करके उनका पासपोर्ट उनको वापस दिलवाकर उन्हें इंडिया वापस लाया जाए।